FORM NO.III
फर्द अहकाम (नियम 26)
अज अदालत अपर सेशन न्यायाधीश संख्या-1, मुकाम झुन्झुनू
सेशन प्रकरण संख्या-88/18 (CIS 133/18)
राजस्थान राज्य बनाम हरिराम व अन्य
आदेश दिनांक 16.07.2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16.07.2025	अपर लोक अभियोजक उपस्थित। अभियुक्तगण समस्त अनुपस्थित, जिनकी हाजरी माफी का प्रार्थना पत्र जरिए अधिवक्ता पेश हुआ, जो आज के लिए स्वीकार किया गया। पत्रावली जवाब प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 294 दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रक्रम पर लंबित है। गत पेशी पर अभियुक्तगण के अधिवक्ता को जवाब हेतु अंतिम अवसर दिया गया था। आज भी अभियुक्तगण अधिवक्ता द्वारा जवाब नहीं कर जवाब हेतु यह कहते हुए अवसर चाहा गया कि प्रकरण में अभियुक्तगण की ओर से अधिवक्ता श्री अनूप गिल पैरवी कर रहे हैं, जो अपनी पुत्री का एडमिशन करवाने के लिए देहरादून गये हुए हैं। अतः न्यायहित में जवाब हेतु अवसर दिया जाता है। उक्त प्रकरण लक्षित प्रकरणों की सूची में 4 वें नंबर पर है, जिसका शीघ्र निस्तारण अपेक्षित है। अतः आगामी पेशी पर प्रार्थना पत्र का जवाब आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जावे। आगामी पेशी पर प्रार्थना पत्र का जवाब पेश नहीं किए जाने पर जवाब का अवसर समाप्त कर प्रार्थना पत्र पर विधिनुसार आदेश पारित किया जावेगा। पत्रावली वास्ते जवाब प्रार्थना पत्र दिनांक 19.07.2025 को पेश हो।	